सुविचार



जिस देश की संस्कृति जितनी सुदृढ़ होगी, वह राष्ट्र अपने पूर्ण रूप में उतना ही शक्तिशाली होगा।

-श्यामा प्रसाद मुखर्जी


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026


लखनऊ के प्रमुख समाचार


- गल्ला गोदाम में लगी भीषण आग II
- 250 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिल रही निर्बाध बिजली III
- प्रतिष्ठा बचाने को मैदान पर भिड़ेंगी एलएसजी व केकेआर IV


## शहर में आज



- गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में कावेरी अपार्टमेंट के पीछे साइट ऑफिस में एलडीए का ओटीएस शिविर- 10:00 बजे से।
- बटलर कॉलोनी स्थित नैमिषारन्य वीवीआईपी गेस्ट हाउस में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री/प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की नारी शक्ति वंदन विधेयक पर प्रेसवार्ता सुबह 10:45 बजे।
- होटल क्लार्क्स अवध में फिक्की फ्लो की ओर से कार्यक्रम डिटेक्टिव डायरीज विद तान्या पुरी का आयोजन- 4:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज और कल गोमती नगर विस्तार में ओटीएस कैम्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण 24 व 25 अप्रैल को गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में कावेरी अपार्टमेंट के पीछे स्थित साइट ऑफिस में ओटीएस कैम्प लगाएगा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी इस अवसर का लाभ उठाकर ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी एवं रोहित सिंह की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जो बकायेदारों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग करेंगे। आवेदन करने वाले सभी बकायेदार आवंटियों को दंड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज से छूट मिलेगी।

### आज से निशुल्क खाद्यान्न वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शुक्रवार से निशुल्क खाद्यान्न वितरण शुरू होगा। योजना के तहत पात्र-गृहस्थी व अन्त्योदय कार्ड धारकों को निशुल्क गेहूं व फोर्टिफाइड चावल वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मई माह का खाद्यान्न वितरण 24 अप्रैल से शुरू होगा और 8 मई तक बांटा जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर एक अन्त्योदय कार्ड पर कुल 35 किलो खाद्यान्न में 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल मिलेगा। इसके अतिरिक्त पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट कुल 5 किलो खाद्यान्न में 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल दिया जाएगा। अंतिम दिन 8 मई को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न बांटा जाएगा।

### बेसमेंट खुदाई से दीवार में आई दरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन-2 अंतर्गत एक भूखंड के बेसमेंट की खोदाई से कृतिका अपार्टमेंट की दीवार में दरारें आईं। निर्माण से इंटरलॉकिंग धंस गई। आवंटियों ने बिल्डर पर सुरक्षा मानकों का पालन न करने का आरोप लगाया।

कृतिका अपार्टमेंट आवंटियों के मुताबिक पास में एक भूखंड पर बिल्डर द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण का मानचित्र एलडीए से स्वीकृत है, लेकिन मानकों को दरकिनार कर कार्य कराए जा रहे। बेसमेंट की खोदाई से अपार्टमेंट की दीवार चटक व दरारें गईं। इंटरलॉकिंग धंस गई। इससे हादसे की आशंका है। आवंटियों ने गुरुवार को एलडीए के अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। इस मामले पर जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह से बात करना चाहा तो फोन बिजी रहा।

### केजीएमयू के नए कुलपति की तलाश शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। जनभवन की ओर से इसके लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी की तरफ से विज्ञापन जारी किया गया है। मौजूदा कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद का कार्यकाल अगस्त में पूरा होगा। इसके लगभग तीन महीने पहले ही चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि समय रहते नए कुलपति की नियुक्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रशासनिक कार्यों में किसी तरह की बाधा न आए। कुलपति पद के लिए वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने 65 वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो। चयनित अभ्यर्थी को तीन वर्ष के लिए कुलपति पद की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# 12वीं में सुभान और 10वीं में आद्रिजा-आरोही जिला टॉपर

## सुभान अली ने 95 और अद्रिजा व आरोही ने 96.17 प्रतिशत अंक किए हासिल,कालेज प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने मुंह मीठा कराया

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 12वीं की परीक्षा में इस बार सुभान अली और 10वीं में अद्रिजा चौरसिया व आरोही सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया है। एसकेडी अकादमी राजाजीपुरम के छात्र सुभान ने 95 प्रतिशत और एलपीएस की छात्रा अद्रिजा व आरोही ने 96.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अद्रिजा व आरोही ने प्रदेश के टॉप-10 सूची में भी जगह बनाई है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने गुरुवार शाम को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। परिणाम घोषित होने के साथ ही कई स्कूलों में आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर बधाई दी गई। उनके घरों में भी बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गगया। इंटरमीडिएट राजाजीपुरम की एलपीएस की छात्रा आर्ची सिंह ने 93 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल बोर्ड में जिले के टॉप 10 में एलपीएस राजाजीपुरम के पांच और बाल निकुंज स्कूल के छह छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई। परीक्षा परिणाम में एसकेडी अकादमी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस विद्यालय के छात्र सुभान अली ने जिले में इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक हासिल किए। जबकि इसी विद्यालय के वंशराज सिंह ने कक्षा 10 में 91.67 प्रतिशत, गौरव सिंह ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**• इंटरमीडिएट का परिणाम गत वर्ष की तुलना में 8 और हाईस्कूल का 0.12 प्रतिशत अधिक रहा**

परीक्षा का परिणम गत वर्ष की तुलना में बेहतर रहा। इंटरमीडिएट 89.17 प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक परीक्षार्थी सफल हुए। 49,547 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें 44,183 उत्तीर्ण हुए है। इसके अलावा जेल में निरुद्ध कैदियों में से 7 ने परीक्षा दी थी जिसमें 6 उत्तीर्ण हुए हैं।

इसी प्रकार हाईस्कूल में कुल 49,594 विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से 46,075 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि कुल प्रतिशत में 92.90 है। गत वर्ष के हाईस्कूल के परिणाम की तुलना में 0.12 प्रतिशत बेहतर है।







परिणाम आने के बाद खुशी जताते इंटरमीडिएट के टॉपर सुभान अली, माता पिता के साथ हाईस्कूल की टॉपर अद्रिजा चौरसिया और इंटरमीडिएट में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली आर्ची सिंह। अमृत विचार

## लखनऊ पब्लिक कॉलेज का रहा दबदबा

■ लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम लखनऊ के छात्रों ने इस वर्ष में शानदार प्रदर्शन किय। कक्षा 10 में जहां आद्रिजा चौरसिया एवं आरोही सिंह ने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया, वहीं आदित्य कुमार कुशवाहा ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा व अविका सिंह ने 95 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। आरव सिंह ने (94.17 प्रतिशत) आठवां, रौनक गुप्ता ने 92.67 प्रतिशत, श्रेष्ठ पटेल ने 91.83 प्रतिशत और अथर्व प्रताप सिंह ने 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। कक्षा 12 में आर्ची सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि भैरवी मौर्य ने 92.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा समीक्षा राजपूत 91 प्रतिशत के साथ 5वां स्थान, वंशिका शर्मा ने 88.40 प्रतिशत, तविशी मित्तल ने 87 प्रतिशत व रिया सिंह यादव ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।



राजाजीपुरम स्थित लखनऊ पब्लिक सकूल में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## इंटरमीडिएट के जिला टॉपर्स

| विद्यार्थी | विद्यालय | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|
| सुभान अली | एसकेडी अकॉदमी | 95.00 |
| आर्ची सिंह | एलपीएस राजाजीपुरम | 93.00 |
| भैरवी सिंह | एलपीएस राजाजीपुरम | 92.00 |
| आस्था मौर्या | एलपीएस राजाजीपुरम | 91.00 |
| समीक्षा राजपूत | ब्राइटसन पब्लिक स्कूल | 91.00 |
| अफजल अहमद | ब्राइटसन पब्लिक स्कूल | 91.00 |
| आंचल गुप्ता | हीरालाल यादव इंटर कॉलेज | 90.00 |
| दिव्यांशी यज्ञसेनी | एसएस भूपत सिंह मेमोरियल | 90.00 |

## हाईस्कूल के जिला टॉपर्स

| विद्यार्थी | स्कूल | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|
| आद्रिजा चौरसिया | एलपीएस राजाजीपुरम | 96.17 |
| आरोही सिंह | एलपीएस राजाजीपुरम | 96.1 |
| आर्यन लोधवाल | एसएसभूपति सिंह, आलमबाग | 95.67 |
| दिव्या पाल | बाल निकुंज इंटर कॉलेज, श्रीनगर | 95.50 |
| आदित्य कुमार कुशवाहा | एनपीएस राजाजीपुरम | 95.17 |
| अविका सिंह | एलपीएस राजाजीपुरम | 95.00 |
| यश वर्मा | बालनिकुंज इंटर कॉलेज | 94.83 |
| नितिन मोदी | ट्रिनिटी अकादमी | 94.83 |



राजाजीपुरम स्थित एकेडी एकेडमी में हाईस्कूल की परीक्षा में स्कूल में सर्वाधिक अंक पाने वाले गौरव सिंह को मिठाई खिलाती छात्रा, साथ में अन्य छात्र-छात्राएं।



■ आर्यन लोधवाल का हाईस्कूल में 95.67 प्रतिशत है वह आगे चलकर आर्मी की सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहते है। इसके लिए वह जमकर पढ़ाई करेंगे और आर्मी आफिसर बनने का सपना साकार करेंगे।



■ दिव्या पाल का जिले में हाईस्कूल में जिले में चौथा स्थान है। वह भी मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए आगे पढ़ाई करेगी। आगे चलकर वह इंटरमीडिएट में मेडिकल संबंधित विषयों पर फोकस करेगी।



■ आदित्य भी सिविल सेवा में जाना चाहते हैं। लेकिन वह कहते हैं कि अभी तो इंटरमीडिएट में भी अच्छे अंक आए इसके लिए जमकर पढ़ाई करेंगे। उसके बाद अपने भविष्य के बारे में सोचेंगे।

## सिविल, मेडिकल और साइंटिस्ट बनना चाहते हैं टॉपर्स



■ इंटरमीडिएट के जिला टॉपर सुभान अली के पिता अमीनाबाद में साड़ी की दुकान पर काम करते हैं। सुभान ने जेईई मेंस में बेहतरीन स्कोर किया है। उन्होंने बताया कि जब मुझे मेरी टीचर ने बताया कि तुमने लखनऊ टॉप किया है तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। वह आगे चलकर आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर वैज्ञानिक बनना चाहते हैं।



■ एलपीएस राजाजीपुरम की आर्ची सिंह ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्हें 93 प्रतिशत अंक मिले हैं। आर्ची सिंह का सपना कंप्यूटर इंजीनियर बनना है। वह बताती है कि मुझे यकीन था कि मेरे पेपर सभी अच्छे हुए हैं और मेरा नंबर काफी अच्छा आएगा।



■ नियमित टेस्ट पेपर हल करने से भैरवी का आत्मविश्वास बढ़ा वह आगे चलकर मेडिकल फिल्ड में जाना चाहती हैं। उसका सपना है कि वह डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करे। अब आगे वह मेडिकल में प्रवेश के लिए जमकर मेहनत करेगी।



■ आस्था अपनी पढ़ाई आगे जारी रखते हुए सिविल सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है। इसके लिए वह आगे स्नातक की पढ़ाई करेगी और सिविल सेवाओं के लिए खुद को तैयार करेगी। विभिन्न विषयों पर पढ़ाई करना उसे पसंद है।



■ अद्रिजा चौरसिया ने हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है वह भी आगे चलकर सिविल सेवा को कॅरियर बनाना चाहती है। वह रोजाना करीब 6-7 घंटे पढ़ाई करती थीं। उसका सपना है कि आईपीएस बनकर समाज की सेवा करे।



■ आरोही के कुल 96.1 प्रतिशत अंक है और वह एलपीएस राजाजीपुरम की छात्रा रही है। आरोही का सपना है कि वह आगे चलकर न्यूरो साइंटिस्ट बने और न्यूरो के क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक लोगों का भला करे।

# फर्जी छात्र का करीबी टेक्नीशियन स्टूडेंट चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद से जुड़े एक टेक्नीशियन छात्र पहचान हुई है। फारूक मसूदी नाम का ये छात्र लारी कार्डियोलॉजी विभाग से जुड़ा है। उसके परीक्षा परिणाम पर रोक लगा दी गई है।

हस्साम अहमद से पूछताछ के आधार पर केजीएमयू प्रशासन ने आंतरिक पड़ताल शुरू की। जिसमें फारूक मसूदी का नाम सामने आया। वह कार्डियोलॉजी टेक्नीशियन के दो वर्षीय पाठ्यक्रम का छात्र है। उसका वर्ष 2023 में उसका दाखिला हुआ था। मामला उस समय और तूल पकड़ गया, जब हस्साम की गिरफ्तारी के बाद से ही फारूक छुट्टी पर चला गया और लारी कार्डियोलॉजी विभाग से गायब बताया जा रहा है। गुरुवार को प्रशासन ने उससे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि टेक्नीशियन का रिजल्ट रोक दिया गया है। उसकी शैक्षिक फाइल जमा करा ली गई है। केजीएमयू में अपना पक्ष रखने के लिए दो दिन की मोहलत दी गई है। सभी पहलुओं, शैक्षणिक रिकॉर्ड, संपर्कों और ऑनलाइन कनेक्शनों की गहन जांच जारी है। शिविर में प्रतिभाग करने वालों की पहचान की जा रही है।

**• कार्डियोलॉजी विभाग में वर्ष 2003 में लिया था दाखिला**

**• प्रशासन ने परीक्षा परिणाम पर लगाई रोक**

### हिंदू छात्राओं को नेटवर्क से जोड़ता था

■ केजीएमयू प्रशासन की छानबीन में सामने आया कि संदिग्ध छात्र फारूक मसूदी का सोशल मीडिया पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय था, जिसमें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर हजारों फॉलोअर्स जुड़े थे। इनमें निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भी शामिल बताए जा रहे हैं। जांच में यह भी दावा किया जा रहा है कि वह अपने नेटवर्क के जरिए छात्रों को जोड़ता था और उन्हें करियर, कॉन्फ्रेंस व विदेश अवसरों के सपने दिखाता था। इन सभी बिंदुओं की आधिकारिक पुष्टि के लिए जांच जारी है। बताया गया है कि वह 2023 से हिन्दू छात्राओं को नेटवर्क से जोड़ने का अभियान चला रहा था। मिशन को मुस्लिम छात्र-छात्राएं अंजाम दे रहे थे।

### शिविर में शामिल छात्र-छात्राओं की होगी पहचान

■ जांच के तहत कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन से जुड़े शिविरों में शामिल छात्र-छात्राओं की पहचान तेज कर दी गई है। सभी हॉस्टल वार्डन, क्लास टीचर्स और संबंधित अधिकारियों को शिविर की तस्वीरें साझा की गई हैं। इन तस्वीरों के आधार पर प्रतिभागियों की पहचान की जा रही है। साथ ही चिन्हित छात्र-छात्राओं से नेटवर्क और गतिविधियों के बारे में पूछताछ की तैयारी है। यह प्रक्रिया तथ्यों की पुष्टि और पूरे मामले की कड़ियां जोड़ने के लिए की जा रही है।

### चार डॉक्टरों से चैट

■ चौक पुलिस हस्साम के घर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने उसके संपर्कों के बारे में जानकारी ली और छानबीन के दौरान कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए। उसके मोबाइल और आइपैड में कई डॉक्टरों से चैटिंग के साक्ष्य मिले हैं, जिनमें चार डॉक्टरों के साथ उसकी अधिक बातचीत पाई गई। पुलिस उनके बारे में भी साक्ष्य जुटा रही है।

### मतांतरण कनेक्शन की भी जांच

■ पुलिस और एजेंसियां मतांतरण से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही हैं। हालांकि अभी तक ऐसा कोई व्यक्ति सामने नहीं आया है, जो धर्म परिवर्तन की पुष्टि कर सके। संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर इस एंगल पर भी पड़ताल जारी है। साथ ही जेल में बंद केजीएमयू के एक रेजीडेंट डॉक्टर से भी उसके कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं।

### ऐसे खुली हस्साम की करतूत

■ 13 अप्रैल 2026 को हस्साम ने सर्जरी विभाग के प्रोफेसर व डीन पैरामेडिकल डॉ. केके सिंह के फर्जी हस्ताक्षर से एक पत्र जारी किया, जिसमें एमबीबीएस 2023 बैच के छात्रों को 29 अप्रैल को एम्स दिल्ली में होने वाली कॉन्फ्रेंस में शामिल होने का निर्देश दिया गया था। जांच में पत्र फर्जी पाए जाने पर उसकी गतिविधियों पर शक गहरा गया और पूरा मामला सामने आ गया। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने छात्रों के साथ मिलकर बुधवार को हस्साम को पकड़ लिया।

### पासपोर्ट जब्त, विदेश यात्रा का ब्योरा जुटा रही पुलिस

■ अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद मामले में चौक पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने आरोपी हस्साम का पासपोर्ट जब्त कर उसकी विदेश यात्राओं के कनेक्शन का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। जांच में सामने आया है कि हस्साम न सिर्फ मरीजों से ठगी करता था, बल्कि पुराने लखनऊ के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में कैंप के जरिए शिक्षित युवतियों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश भी करता था। पुलिस ने उसके मोबाइल से 100 से अधिक छात्र-छात्राओं के नंबर बरामद किए हैं, जिनमें अधिकांश छात्राएं हैं। आरोपी मेडिकल छात्र-छात्राओं को अमेरिका समेत अन्य देशों में प्रशिक्षण के नाम पर जोड़ने की कोशिश कर रहा था, जिसकी जांच एजेंसियां कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, हस्साम डॉक्टरों के ग्रुप में शामिल होकर खुद को एमबीबीएस पास बताता था और संस्थान के कार्यक्रमों में सक्रिय रहता था। वह महीने में दो-तीन बार मेडिकल कैंप आयोजित करता और वरिष्ठ डॉक्टरों को मुख्य अतिथि बनाकर बुलाता था, जिससे उसकी पहचान पर शक न हो। कैंप के दौरान वह विशेष रूप से छात्राओं को आमंत्रित करता और उन्हें प्रभावित करने का प्रयास करता था। साथ ही लोगों से बातचीत के दौरान धर्म का प्रचार-प्रसार भी करता था। पुलिस और एजेंसियां आरोपी से जुड़े राजधानी व अन्य जनपदों के डॉक्टरों और मेडिकल छात्र-छात्राओं की भी जानकारी जुटा रही हैं। चौक पुलिस संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराएगी। साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया है कि हस्साम ने अपने शैक्षिक समेत कुछ अन्य दस्तावेज जाली बनवाए थे। इन दस्तावेजों से जुड़े साक्ष्य उसके मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में मिले हैं।

# पोर्टल पर अपडेट होगा रिकॉर्ड रूम का पूरा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड रूम में रखे पुराने चालान, भुगतान का विवरण, वेतन विपत्र, पुरानी सीवी की फाइलें विभागीय पोर्टल पर अपडेट की जाएंगी। इससे जरूरत पड़ने पर भुगतान का सत्यापन एक क्लिक में हो सकेगा। गुरुवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करके अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए।

उपाध्यक्ष ने निरीक्षण में पाया कि ज्यादातर रिकॉर्ड प्राधिकरण के गोमती नगर स्थित नवीन भवन में शिफ्ट किए जा चुके हैं और कई कमरे पूरी तरह खाली हैं। इस पर उन्होंने खाली हो चुके कमरों की नंबरिंग कराने के निर्देश दिए, इससे कि इन्हें मांग अनुसार आवंटित किया जा सके। बताया कि इस समय प्राधिकरण द्वारा सम्पत्ति, मानचित्र, नजूल आदि की पुरानी फाइलों का डिजिटाइजेशन कार्य चल रहा है। इस क्रम में मेसर्स पीसीएस मैनेजमेंट के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि वित्त एवं लेखा अनुभाग की फाइलों की स्कैनिंग के साथ-साथ रिकॉर्ड रूम का पूरा ब्योरा प्राधिकरण के पोर्टल पर अपडेट कर लिए जाएं।

**• सरोजिनी नायडू पार्क के पास शिफ्ट होना है विहित प्राधिकारी न्यायालय**

उपाध्यक्ष ने हजरतगंज स्थित सरोजिनी नायडू पार्क के पास बन रहे नये विहित प्राधिकारी न्यायालय का निरीक्षण किया और जुलाई 2026 तक निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे कि लालबाग कार्यालय से न्यायालय नये भवन में समय पर शिफ्ट कर लिया जाए। बताया कि नया भवन 11,300 वर्गफीट भूमि पर बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। कनिष्ठ लिपिक विनय कुमार की उपस्थिति नहीं मिली। उपाध्यक्ष ने कनिष्ठ लिपिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलम्बित करने के निर्देश दिए।

# गल्ला गोदाम में लगी भीषण आग, रेस्क्यू ऑपरेशन कर बचाया राशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव के केशव नगर चौकी के पीछे स्थित गल्ला गोदाम में गुरुवार शाम भीषण आग लग गई। तेज लपटें और धुएं का गुबार करीब चार किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। सूचना पर दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसके बाद दमकलकर्मियों ने टीमों में बंटकर राहत कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान आग की चपेट में आने से एक डाला जल गया।

ऐशबाग निवासी अमित अग्रवाल का केशवनगर में अमित ट्रेडर्स के नाम से गल्ला गोदाम है। उन्होंने बताया कि करीब 200 वर्गमीटर में गोदाम बना है और गुरुवार को यह बंद रहता है। मजदूरों के अनुसार गोदाम के पास सड़क किनारे कूड़े के ढेर में लगी आग की चिंगारी से गोदाम में रखा प्लाईबोर्ड, गल्ला से खाली प्लास्टिक और टाट की बोरियां जलने लगीं। सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि शाम 6:21 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार के साथ एक वाटर टेंडर तथा हजरतगंज और चौक फायर स्टेशन से एक-एक वाटर बाउजर भेजा गया।

मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग अमित अग्रवाल के गोदाम में लगी थी, जहां प्लाईवुड, प्लास्टिक की बोरियां और कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था थी। लपटें तेज होने पर तीन और गाड़ियां रवाना की गईं। पास स्थित बड़े राशन गोदाम तक आग पहुंचने का खतरा था। दमकलकर्मियों ने राशन गोदाम को सुरक्षित रखते हुए चार टीमों में बंटकर चारों ओर से घेराबंदी की और अभियान चलाकर आग बुझाई।



थाना मड़ियांव क्षेत्र की केशव नगर चौकी के पास राशन के गोदाम में लगी आग। अमृत विचार



गोदाम में खड़े डाला में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

- छह गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने दो घंटे में पाया काबू
- आग की चपेट में आने से एक डाला जला, चार किमी तक दिखा धुआं

**संकरी गलियों में गाड़ी पहुंचने में आयी परेशानी:** संकरी गलियों के कारण दमकल गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में दिक्कत हुई। पाइप जोड़कर अंदर तक पानी पहुंचाया गया। भीड़ नियंत्रित करने में मड़ियांव पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

**बड़े पैमाने पर होता है राशन का भंडारण:** स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में गेहूं-चावल का बड़े पैमाने पर भंडारण होता है। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हैं, हालांकि शॉर्ट सर्किट या सिलेंडर लीक की आशंका जताई जा रही है।

**गोदाम में रहते हैं करीब 12 मजदूर:** गोदाम में टीन शेड के नीचे रात में 10-12 मजदूर रहते हैं। गुरुवार को छुट्टी के कारण कुछ मजदूर गांव गए थे। मजदूरों का कहना है कि अगर आग रात में लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## पांच स्थानों पर लगी आग, दमकल कर्मियों ने समय रहते पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज में पयागपुर टॉवर व पराग डेयरी परिसर में लगी आग
- आशियाना में गैस सिलेंडर, तालकटोरा में झोपड़ी और विकासनगर में कबाड़ में लगी आग

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच आग ने गुरुवार को जमकर कहर बरपाया। हजरतगंज में पयागपुर टॉवर और पराग डेयरी परिसर में लगी आग से दहशत फैल गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। वहीं, आशियाना में गैस सिलेंडर और तालकटोरा में झुग्गी-झोपड़ियों में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर अफरा-तफरी मच गई। समय रहते दमकलकर्मियों ने राहत कार्य शुरू कर आग पर काबू पा लिया। उधर, विकासनगर में टॉवर के बेसमेंट में रखे कबाड़ में भी आग लग गई, जिसे दमकल ने समय रहते बुझा दिया।

हजरतगंज स्थित पराग डेयरी परिसर में लोहे के एंगल काटते समय निकली चिंगारी से डीजल पाइप में आग लग गई। आग की भयावहता को देखते हुए कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया कि स्क्रैप कार्य के दौरान यह हादसा हुआ।

वहीं, हजरतगंज के मीराबाई मार्ग स्थित सरयू वीआईपी गेस्ट हाउस के सामने बने सात मंजिला पयागपुर टॉवर में शाम करीब छह बजे अचानक धुआं उठने लगा। दमकलकर्मियों ने छठे तल पर बाथरूम की फॉल सीलिंग में लगी आग को आधे घंटे के भीतर बुझा दिया। जांच में सामने आया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिससे धुआं पूरे भवन में फैल गया।



पारा में आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

उधर, आशियाना स्थित रजनीखंड पावर हाउस के सामने एक कार्यक्रम के दौरान खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। कार्यक्रम में करीब सवा सौ लोग मौजूद थे। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती जा रही थी। इस बीच मौके पर मौजूद लोगों ने रसोई गैस सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर हटाया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया और करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

इसके अलावा तालकटोरा के जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास झुग्गी-झोपड़ियों में भी आग लग गई। लपटें उठती देख वहां भगदड़ मच गई। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बढ़ती गई। सूचना पर पुलिस और दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आलमबाग एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि समय रहते दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं, जिससे आग आगे नहीं फैल सकी। आग जिस झोपड़ी में लगी थी, उसके आसपास करीब 20 झोपड़ियां थीं, लेकिन दमकलकर्मियों ने आग को फैलने से रोक लिया। आग से झोपड़ी का सारा सामान जल गया।

वहीं, विकासनगर में मामा चौराहे के पास अजीत टॉवर बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एसबीआई बैंक के बेसमेंट में स्टेयरकेस के नीचे रखे कबाड़ में सुबह आग लग गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। दरवाजे खोलकर धुआं बाहर निकाला गया और इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## परिवहन आयुक्त कार्यालय के प्रधान सहायक ने खुद को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती, सुसाइड नोट में डिप्रेशन की लिखी बाात
- घटनास्थल पर मिले दो तमंचे, कारतूस, दो मोबाइल व सुसाइड नोट
- सचिवालय कॉलोनी की घटना, विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार:** विकासनगर के सचिवालय कॉलोनी में परिवहन आयुक्त कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक ने सीने पर तमंचा सटाकर खुद को गोली मार ली। गोली की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। छानबीन के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें डिप्रेशन की बात लिखी है। पुलिस ने घटनास्थल से 315 बोर के दो तमंचे, कारतूस, खोखा, दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने प्रधान सहायक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से कानपुरनगर के रावतपुर स्थित शारदा नगर निवासी शिवांकन वाजपेयी (33) परिवहन आयुक्त कार्यालय में प्रधान सहायक हैं। वे यहां विकासनगर के सेक्टर-डी स्थित सचिवालय कॉलोनी में रहते हैं। एसओ विकासनगर आलोक सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल की रात 12:10 बजे डॉयल-112 पर फायरिंग की सूचना दी। जानकारी पर पीआरवी व विकासनगर थाने से उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

आवास संख्या-डी/32 के बाहर अशोक सिंह चौहान और संजय सिंह चौहान मिले। कमरे का दरवाजा खुला देख पुलिस अंदर गयी तो बेडरूम में बेड पर शिवांकन वाजपेयी खून से लथपथ मिले। सीने से खून निकलता देख पुलिस ने आनन-फानन में ट्रामा सेंटर पहुंचाया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने तमंचा व मोबाइल से नमूने हासिल किए। पुलिस ने मोबाइल की मदद से घायल के भाई मयूरांश वाजपेयी को सूचना दी।

छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर एक डॉयरी मिली, जिसमें शिवांकन ने डिप्रेशन के चलते खुदकुशी करने की बात लिखी थी। एसओ ने बताया कि शिवांकन ने दाएं हाथ से बाएं सीने पर तमंचा सटाकर गोली मारी थी। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। शिवांकन के पास दो तमंचे कहां से आए थे? हालत में सुधार होने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही शिवांकन किस बात से अवसाद में थे, यह अभी साफ नहीं है। उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने विकासनगर थाने में शिवांकन बाजपेयी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। एसओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### होटल में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग के होटल मयूर में गुरुवार को जितेंद्र गोयल (35) ने फंदे से लटककर जान दे दी। स्टाफ की सूचना पर पहुंची नाका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिवारजन को सूचना दी। नाका इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि जितेंद्र मूल रूप से आगरा के कागरोल के रहने वाले हैं। वह गुरुवार सुबह करीब नौ बजे होटल में ठहरे हुए थे। कुछ देर बाद उनका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। होटल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच की। इंस्पेक्टर ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। परिवार से संपर्क किया जा रहा है।

### नवविवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज में रहने वाली पूजा पाल (22) ने बुधवार देर शाम फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने फंदे से लटका देखा तो नीचे उतारा और पास के अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक पूजा पाल की शादी 25 फरवरी को तालकटोरा शरीफ पूरा निवासी निजी अध्यापक मुकेश से हुई थी। भाई अमन ने बताया पूजा करीब एक माह से मायके में रह रही थी। बुधवार देर शाम उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। परिजन ने पूजा को फंदे से उतारकर कर एरा अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान के मुताबिक अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दूसरी मंजिल की छत से गिरकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के नयापुरवा गांव निवासी अनिल यादव (37) बुधवार देर रात दूसरी मंजिल से नीचे गिर गये। नयापुरवा निवासी अनिल यादव निजी कंपनी में काम करता था। परिवार में पत्नी अंजू और दो बच्चे एक बेटा विराट और बेटी दिव्यांशी है। मृतक के बड़े भाई सुनील ने बताया कि बुधवार रात अनिल खाना खाने के बाद मकान के दूसरी मंजिल की छत पर टहलने चला गया। वहां अचानक छत से नीचे गिर गया। तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग घर से बाहर निकले। देखा कि अनिल लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े थे।

परिजन आनन-फानन अनिल को ट्रामा-2 लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पीजीआई पुलिस अस्पताल पहुंची। पीजीआई इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक की छत से गिरकर मौत हुई है। परिजन ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के बुद्धेश्वर निवासी मनोज कश्यप (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पारा के बुद्धेश्वर निवासी मनोज कश्यप ऑटो चालक थे। परिवार में पत्नी रचना और दो बेटे रोशन व रौनक है। पत्नी रचना के मुताबिक पति रोज की तरह बुधवार रात को ऑटो लेकर घर से चलाने के लिए निकले थे। सुबह करीब आठ बजे पुलिस का पत्नी के पास फोन आया। कहा कि केजीएमयू आ जाइए। वह परिवार के साथ केजीएमयू पहुंची। वहां मनोज का शव स्ट्रेचर पर पड़ा था। पति का शव देख बेसुध होकर गिर गई। परिजन ने पानी के छींटे मारकर होश लाया। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा के मुताबिक मनोज ऑटो में बेसुध पड़े थे। अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### सिटी ब्रीफ

### डिग्गी से नकदी चुराने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी पुलिस ने बाइक की डिग्गी से रुपये चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.15 लाख रुपये और अन्य सामान बरामद किया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को राजेश गुप्ता निवासी मदारीपुर बीकेटी ने तहरीर दी थी। बताया था कि बाजार में खड़ी मोटरसाइकिल से पंकज उर्फ पंकज दर्जी निवासी ग्राम सरकपुर सरैया बीकेटी की डिग्गी में रखे बैग से 1.20 लाख रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर आरोपी पंकज को दबोच लिया।

### ट्विंकल जैन बनी एडीसीपी उत्तरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में आमद करने के बाद आईपीएस ट्विंकल जैन को एडीसीपी उत्तरी बनाया गया है। पुलिस आयुक्त ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। मध्य प्रदेश के धार की रहने वाली ट्विंकल जैन ने मात्र 26 साल की उम्र में यूपीएससी परीक्षा पास कर ली थी। राजधानी से पहले वह मथुरा व नोएडा में तैनात थी।

### कार में लगी आग

अमृत विचार, गोसाईंगंज : इकाना स्टेडियम के पास शहीद पथ पर गुरुवार को एक कार आग का गोला बन गई। इंजन से आग की लपटें निकलते ही चालक कार को साइड में खड़ी कर बाहर निकल गया। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार चालक अभय राज ने बताया कि वह अहिमामऊ से शहीद पथ पर चढ़ा था। कुछ दूरी चलने के बाद इंजन के पास लगे गैस मीटर में ब्लास्ट हुआ। जब तक कुछ समझ पाता कार से पहले धुआं और फिर लपटे निकलने लगी। कार चालक ने बताया कि वह सवारी छोड़कर अपने घर देवा रोड बाराबंकी वापस जा रहा था।

### कनौसी पुल के नीचे मिला युवक का शव

**अमृत विचार, आलमबाग :** मानकनगर स्थित कनौसी पुल के नीचे गुरुवार दोपहर एक युवक का चारपाई पर शव मिला। सूचना पर पहुंची मानक नगर पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान काशीपुर बाराबंकी जनपद निवासी 30 वर्षीय निर्मल कुमार के रूप में हुई। वह पूर्व में आरडीएसओ कॉलोनी में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विजय गर्ग के बंगले पर माली का काम करता था। बीमारी के चलते काम छोड़ दिया था और कन्नौसी पुल के नीचे ही अपना बसेरा बनाए हुआ था।

### भाजपा कार्यकर्ता को मिली धमकी, रिपोर्ट

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र में रहने वाले एक भाजपा कार्यकर्ता ने तीन लोगों पर जान से मारने की धमकी और छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। ओम नगर निवासी सर्वेश कुमार पाण्डेय का मोहनलालगंज में एक रिजॉर्ट है। वे वर्तमान में रायबरेली लालगंज के जमवावा गांव के ग्राम प्रधान भी हैं। आरोप है कि कृष्णानगर निवासी रंजनी कान्त त्रिपाठी उनके खिलाफ लगातार झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने पहले भी गणेश इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि रजनी कान्त के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। उसके बावजूद रजनी कान्त त्रिपाठी के साथ संदीप गुप्ता, शिव प्रकाश और माली गुप्ता गाली-गलौज करने के साथ उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं।

### छात्रा से दुष्कर्म कर ऐंठे 35 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फ्लैट में घुसकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 35 हजार रुपये वसूलने वाले आरोपी को हुसैनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अमित कुमार आगरा का रहने वाला है। थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में किराए पर रहने वाली युवती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि 21 अप्रैल की रात आरोपी अमित जबरन उसके फ्लैट में घुस गया। आरोपी ने दुष्कर्म करते हुए मोबाइल पर वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 35 हजार वसूल लिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी पीड़िता का पूर्व परिचित है। आरोपी हैंड क्राफ्ट का काम करता है।

## व्यवसायी ने प्रेम जाल में फंसा कर छात्रा का किया यौन शोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शादी से किया इन्कार, विरोध पर छात्रा को पीटा
- रिश्ता लेकर पहुंची मां से आरोपी व पिता ने की अभद्रता
- पीड़ित छात्रा ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित कैफे पर व्यवसायी ने बीकॉम छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने छात्रा को पीटा। मां रिश्ता लेकर गयी तो आरोपी व उसके पिता ने गाली-गलौज कर धमकाकर भगा दिया। पीड़ित छात्रा ने हजरतगंज कोतवाली में आरोपी व उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

अशोक मार्ग निवासी 23 वर्षीय पीड़िता लविवि से बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है। पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात विवि के पास एक कैफे में त्रिवेणीनगर निवासी राम अग्रवाल से हुई। राम अग्रवाल और उसके पिता सुभाष मार्ग पर व्यवसाय करते हैं। राम अग्रवाल ने बातों में फंसाकर दोस्ती ली। इसके बाद बातचीत के दौरान उसे मोबाइल नंबर ले लिया।

कुछ महीने पूर्व उसने मिलने के लिए बुलाया। बहाने से विभूतिखंड स्थित डीएलएफ ले गया। वहां शादी का झांसा देकर उसने दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने जल्द शादी की बात कही। इसके बाद आरोपी राम अग्रवाल उसे कई होटलों में ले गया और यौन शोषण करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर टालमटोल की। पीड़िता ने आपबीती परिजन को बतायी। इसपर छात्रा की मां सुभाष मार्ग स्थित राम अग्रवाल की दुकान पर पहुंची।

वहां उसके पिता रवि अग्रवाल मिले। मां ने उनसे सारी बात बताई और शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर पिता-पुत्र नाराज हो गए। विरोध करने पर गाली-गलौज कर धमकाते हुए भगा दिया। पीड़ित छात्रा ने 21 अप्रैल को हजरतगंज कोतवाली में शिकायत की। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी राम अग्रवाल और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रेलवे ट्रैक के पास आग जलाने पर सख्त रोक

**अमृत विचार , लखनऊ:** यात्री सुरक्षा और सुरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने आम जनता से महत्वपूर्ण अपील जारी की है। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों से कहा है कि वे पटरियों के पास किसी भी प्रकार की आग जलाने से पूरी तरह बचें।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ट्रैक, यार्ड या आसपास की झाड़ियों में सूखी घास, पराली या कूड़ा जलाना बेहद खतरनाक है। इसके अलावा, ट्रैक के पास स्थित बस्तियों में चूल्हा, स्टोव, अंगीठी या गैस सिलेंडर का उपयोग करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। रेलवे क्षेत्र के आसपास पटाखों, विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण भी पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रशासन के अनुसार, आग लगने से ट्रैक संरचना, सिग्नलिंग सिस्टम और तकनीकी उपकरणों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे रेल संचालन बाधित होता है और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। ऐसी घटनाएं बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं।

### मेट्रो टायर्स के कर्मचारी ने फर्जीवाड़ा कर हड़पे 15 लाख

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मेट्रो टायर्स लिमिटेड के एक कर्मचारी ने फर्जीवाड़ा कर करीब 15 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी कर्मचारी मोबाइल बंद कर फरार है। मामले में एरिया मैनेजर जय कुमार पांडेय ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जय कुमार पांडेय के अनुसार, औरंगाबाद निवासी अरुण मिश्रा ने 22 जुलाई 2024 को कंपनी की ट्रांसपोर्टनगर शाखा में सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में ज्वाइन किया था। इसके बाद उसने सुनियोजित तरीके से फर्जी डीलरों का नेटवर्क खड़ा किया। आरोप है कि करीब 14,94,390 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

## कैफे में घुसकर संचालक पर हमला, अगवा करने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित का आरोप, मारपीट कर गल्ले में रखे छह हजार लूटे
- अलीगंज थाने में एक नामजद व 12 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र में रुपये के लेनदेन के विवाद में दबंगों ने कैफे में घुसकर संचालक की पिटाई कर दी और उसे अगवा करने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान गल्ले में रखे छह हजार रुपये भी लूट लिए। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने एक नामजद समेत 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरगंज निवासी अंकित सिंह का अलीगंज में कैफे है। उनके अनुसार, उन्होंने करीब एक साल पहले परिचित सूरज को 19 हजार रुपये उधार दिए थे। पिछले दो माह से वह रुपये वापस मांग रहे थे। 19 अप्रैल की रात फोन पर पैसे मांगने पर सूरज ने जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 20 अप्रैल की शाम सूरज अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ कैफे पर पहुंच गया और गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपियों ने अंकित को बेरहमी से पीटा, कैफे में तोड़फोड़ की और नकदी लूट ली। साथ ही कार में बैठाकर अगवा करने का प्रयास भी किया। इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार के मुताबिक, सीसी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

### बेकाबू कार पलटी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके में गुरुवार को बेकाबू कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसा ओवरब्रिज स्थित गैलेक्सी बैंक्वेट हॉल के पास हुआ। कार में बैठे कई लोग सुरक्षित बच गये हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार सवार लोगों को मामूली चोटें आईं और कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

### एयरपोर्ट पर यात्री के पास मिले 26 कारतूस

**अमृत विचार , सरोजनीनगर :** अमौसी एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह लखनऊ से नई दिल्ली की उड़ान भरने के पहले इंडिगो एयरलाइंस के फ्लाइट में यात्री के पास से 26 कारतूस बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक बांदा जिले के आलमबाग निवासी संजीव अवस्थी गुरुवार सुबह लखनऊ से नई दिल्ली जाने के लिए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे। उनकी इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 2146) की उड़ान 9:10 बजे की थी। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग से 26 कारतूस बरामद हुए। जिसमें 0.32 बोर रिवाल्वर के 18 कारतूस और 30.06 एमएम राइफल के 8 कारतूस बरामद हुए। यात्री के बैग में इतनी संख्या में कारतूस मिलते ही एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ ने यात्री संजीव को हिरासत में ले लिया और बाद में सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं थाने पर संजीव ने दोनों शस्त्रों के लाइसेंस मंगा कर दिखाए। इसके बाद पुलिस ने बरामद कारतूस जब्त कर उन्हें जाने दिया। पूछताछ में यात्री संजीव ने बताया कि भूलवश बैग में कारतूस चले आए थे। इस मामले से यात्री संजीव की उड़ान छूट गई।

# 250 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिल रही निर्बाध बिजली

## गर्मी बढ़ने के साथ ही फुंकने लगे ट्रांसफार्मर, केबल फॉल्ट, तारों में स्पार्किंग, जंफर जलने और पेटी फ्यूज की समस्या भी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए पॉवर कॉरपोरेशन ने 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर दिए हैं, इसके बावजूद बिजली आपूर्ति का फ्यूज उड़ा हुआ है। गर्मी बढ़ने के साथ ही ट्रांसफार्मरों फुंकने के अलावा केबल फॉल्ट, तारों में स्पार्किंग, जंफर जलने और पेटी फ्यूज की समस्याएं बढ़ गई हैं। इससे कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल हो रही है।

पावर कारपोरेशन आरडीएसएस योजना से तीन वर्ष से अधिक समय से शहर में मरम्मत के कार्य करा रहा है। जर्जर तार बदलने, खंभों की मरम्मत, ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग, नए ट्रांसफार्मर लगाने के अलावा अंडरग्राउंड केबल बिछाने के साथ तारों व खंभों के आसपास के पेड़ों की कटाई छंटाई भी कराई जाती है।

इन कार्यों के दम पर निर्बाध आपूर्ति का दावा करता है, लेकिन हर बार उसका दवा ट्रांसफार्मरों की तरह धड़ाम हो जाता है। घनी आबादी वाले इलाकों में तारों का मकड़जाल फैला है।

कई जगह अभी भी खंभे जर्जर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ढीले तारों के कारण स्पार्किंग से भी फाल्ट होते रहते हैं।

इस संबंध में मुख्य अभियंता जानकीपुरम जोन वीपी सिंह ने कहा कि शहर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चार चरणों में काम किया जा रहा है। जल्द ही सभी तकनीकी खामियों को दूर कर व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा।

### अनुरक्षण में क्या हुआ काम

- 14 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए उपकेंद्रों में 400 से अधिक पावर ट्रांसफार्मर और 1000 से अधिक वितरण ट्रांसफार्मर हैं। इसके अलावा 1000 केवीए, 730 केवी, 400 केवी, 250 केवी और 63 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दो हजार से अधिक 10 केवीए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसके बावजूद कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

### इन इलाकों में सबसे ज्यादा समस्या

- दुबग्गा, सरोजनी नगर, आशियाना, चौक, बीकेटी, चिनहट, गोमती नगर, लाटूश रोड, अमीनाबाद, मोती नगर, चौपटिया, यहियागंज, हुसैनगंज, ऐशबाग, कैंपबेल रोड, अपट्रान, राजाजीपुरम, आलमबाग, अमौसी, तेलीबाग, कैंट, सदर, वृंदावन, फैजुल्लागंज, इंदिरानगर, विकासनगर, जानकीपुरम और गुडंबा जैसे इलाकों में रोजाना स्पार्किंग और फॉल्ट के चलते अघोषित बिजली कटौती हो रही है।

### सिस गोमती और ट्रांसगोमती में ज्यादा हुआ खर्च

- आरडीएसएस योजना के तहत सिस गोमती क्षेत्र में अब तक लगभग 150 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी सप्लाई बाधित होने की समस्या बनी हुई है। वहीं ट्रांसगोमती क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद राजधानी के बिजली व्यवस्था जस की तस बनी हुई है।

## बढ़ते पारे के साथ दम तोड़ रही एसी बसें

- 104 एसी बसों में 45 ही मानक पर खरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ते ही रोडवेज की एसी बसें जवाब देने लगी हैं। इससे यात्रियों को परेशान उठानी पड़ रही है।

नियमों के मुताबिक बस को रूट से लौटने के बाद वर्कशॉप में भेजकर 20 से अधिक बिंदुओं पर जांच जरूरी है। 'ओके स्लिप' जारी होने पर ही बस दोबारा रूटपर भेजी जानी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक बिना ओके स्लिप के ही बसों को रूट पर भेजा जा रहा है। लखनऊ से गोंडा, बलरामपुर, हरदोई, बहराइच, आगरा और प्रयागराज रूट पर समस्या ज्यादा है। गुरुवार को लखनऊ से बहराइच जा रही एसी बस कुछ ही देर में बंद हो गई। गोरखपुर जा रही जनरथ बस में भी यात्रियों ने हंगामा किया। 2014 में खरीदी गईं एसी जनरथ बसें 12 लाख किलोमीटर से अधिक चल चुकी हैं। 105 बसों में 10 से 12 बसें रोज मरम्मत के अभाव में खड़ी रहती हैं और 5 से 7 बसें प्रतिदिन रास्ते में खराब हो जाती हैं। अवध डिपो में 45 बसें अपनी उम्र पूरी करने के करीब हैं, जिनमें से 26 बसें जल्द ही नीलामी के दायरे में आ जाएंगी। इस संबंध में एआरएम सत्य नारायण चौधरी ने कहा कि गर्मी अत्याधिक पड़ रही है जिसके कारण कूलिंग करने में दिक्कत आ रहीं है। 105 एसी बसों में 45 बसें 10 वर्ष से अधिक पुरानी है। हमारा पूरा प्रयास है कि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## हज के लिए 430 यात्री रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** हज-2026 के लिए बुधवार को लखनऊ से दूसरी उड़ान रवाना हुई। मंगलवार को पहले दिन 427 हजयात्री रवाना हुए थे, आज उड़ान संख्या एक्सवाई- 8044 430 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। इनमें 222 पुरुष और 208 महिलाएं शामिल हैं। इस उड़ान में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में हज यात्री रवाना हुए। जिनमें सर्वाधिक वाराणसी से 74, लखनऊ से 58, कानपुर नगर से 53 तथा बहराइच से 42 यात्री शामिल हैं। इसके अलावा बिहार के 6 हज यात्री भी इसी उड़ान से रवाना हुए। हज यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए 3 स्टेट हज इंस्पेक्टर ज़हीरुल इस्लाम (कानपुर नगर), मेराज रसूल (लखनऊ) और मेराजुल इस्लाम (मऊ) को इस उड़ान के साथ भेजा गया है। बुधवार को दिल्ली उड़ान स्थल से भी सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 5901 से 253 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए।

## सिटी ब्रीफ



तेज धूप से खुद को बचाने के लिए दुपट्टे से सिर ढककर जाती युवती।

### अनिल कुमार अस्थाना होंगे चीफ रेफरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतर्राष्ट्रीय अम्पायर और जिला कैरम एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अनिल कुमार अस्थाना को 25वीं उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा अधिकारी स्पोर्ट्स मीट के लिए चीफ रेफरी नियुक्त किया गया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में न्यायिक अधिकारियों के बीच कैरम प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस आयोजन में पुरुष और महिला वर्ग के एकल और युगल स्पर्धाएं होंगी।

### स्थापना दिवस पर निकली भव्य पालकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कुर्सी रोड स्थित गौराबाग में श्री साईं बाबा के 16वें स्थापना दिवसोत्सव पर गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। इस अवसर पर बाबा की आकर्षक पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंगल स्नान और विधिवत पूजन के बाद पालकी यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर कुर्सी रोड और टेढ़ी पुलिया चौराहा होते हुए पुन: मंदिर परिसर में पूरी हुई। यात्रा में घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे और आतिशबाजी ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। पुरुषों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। शाम को आयोजित भजन संध्या में गायक साईं शाकिर, विशाल कौशिक, गरिमा जायसवाल और साक्षी ने साईं भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। "मुखड़ा सलोना अंखियों में करुणा" और "चलो शिरडी के द्वारे" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अंकुर नटराज ग्रुप की ओर से प्रस्तुत राधा-कृष्ण, श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, बजरंगबली और भगवान शिव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. संदीप कुमार सहित साईं भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







निंदा प्रस्ताव के दौरान विपक्ष पर हमलावर भाजपा के पार्षद और सदन का बहिष्कार कर गेट पर नारेबाजी करते विपक्षी सभासद। अमृत विचार

# नगर निगम में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बिल गिराने के विरोध में बुलाया गया था विशेष सदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर बुलाए गए नगर निगम के विशेष सदन में गुरुवार को अधिनियम का विरोध करने वालों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। नारेबाजी के बीच 119 पार्षदों में 93 ने निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया। अध्यक्षता कर रहीं महापौर सुषमा खर्कवाल ने बिल का विरोध कर रहे विपक्षी पार्षदों को घेरा। नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में सदन में महिला आरक्षण संबंधित बिल पर चर्चा का सपा व कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध किया। हंगामा करने के साथ नारेबाजी करने लगे। आरोप लगाया कि विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया गया। इससे पहले भाजपा पार्षदों ने निंदा प्रस्ताव पास कर दिया। इस पर सदन का बहिष्कार कर विपक्ष बाहर चला गया और गेट के पास नारेबाजी करके विरोध दर्ज कराया गया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस बल बुलाया गया। इसके बाद पार्षद मुकेश चौहान, ममता चौधरी समेत अन्य पार्षद मुख्य गेट के पास धरना पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



नगर निगम के विशेष सदन में निंदा प्रस्ताव पर बोलतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### पार्षद बोले, विपक्ष नहीं चाहता महिलाएं आगे बढ़ें

- भाजपा पार्षद नेहा सिंह, गौरी सांवरिया, राजकुमारी, रजनी आदि ने ''महिलाओं का सम्मान, सपा है बेईमान'' व ''कांग्रेस की आदत पुरानी नारी सम्मान की झूठी कहानी'' स्लोगन लिखे पोस्टर से विपक्षियों पर प्रहार किया। कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाएं आगे बढ़ें और विधानसभा व संसद में पहुंचे। इसलिए बिल का विरोध करते आ रहे हैं। सदन में नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जूता-चप्पल मारकर तोड़फोड़ करना सपाइयों का संस्कार : महापौर

- बुधवार को महापौर के आवास में लगी नेम प्लेट पर सपा कार्यकर्ताओं द्वार जूता-चप्पल मारकर तोड़फोड़ करने का मुद्दा सदन में उठाया गया। पार्षदों ने शहर की प्रथम महिला के साथ अन्य नारी की सुरक्षा व सम्मान पर सवाल उठाए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने घटना से लोकतंत्र और मानवता दोनों को शर्मसार बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सवाल किया कि उन्होंने बड़ी बहन माना है। क्या एक बहन का सम्मान करना सपाइयों के संस्कार हैं ? यह भी कहा कि ये हमला लखनऊ की प्रथम नागरिक और एक सैनिक की पत्नी पर था। मुझ पर एक दिवंगत मां के अपमान का आरोप लगाया है, यह सुनकर पीड़ा हुई। भाजपा पार्षदों ने हमला करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग करते तहरीर दी है।

# डॉ. आंबेडकर दुनिया के लिए आदर्श पुरुष: ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में लोक भवन सचिवालय ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बाबा साहब भारत ही नहीं दुनिया के लिए आदर्श पुरुष और विश्व रत्न हैं। उन्होंने कहा कि आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान अतुलनीय है और विश्व में अपनी तरह का अनोखा दस्तावेज है।

पाठक ने कहा कि विषम परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद डॉ. आंबेडकर ने अपने संघर्ष और विद्वता के बल पर जो स्थान हासिल किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने दलित, वंचित और विशेष रूप से महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार ने कहा कि वे स्वयं दलित समाज से आते हैं और बाबा साहब के संघर्ष को समझते हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें जो सामाजिक और राजनीतिक पहचान मिली है, उसमें आंबेडकर की प्रेरणा का बड़ा योगदान है। समारोह में महिलाओं के अधिकारों जैसे मातृत्व अवकाश, शिक्षा, संपत्ति, मताधिकार और लैंगिक समानता पर आधारित एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। इंडियन रेड क्रॉस की पैट्रन डॉ. सुषमा सिंह ने कहा कि आंबेडकर ने महिलाओं को सम्मानजनक जीवन का अधिकार दिलाया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अर्जुन देव भारती ने उनके संघर्ष को नीलकंठ के समान बताया। मंजू लता सिंह विशेष सचिव उत्तर प्रदेश, सचिवालय समिति के अध्यक्ष बीपी नागेश, धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सचिवालय संघ पूरन लाल, विपुल पांडे, मनोज कुमार ब्रह्मचारी, संतोष कुमार साव, तनुजा श्रीवास्तव आदि ने विचार रखे।



कार्यक्रम को संबोधित करते ब्रजेश पाठक।

## सिटी डायरी



वार्डन को सम्मानित करते अमरनाथ मिश्रा व अन्य।

### 21 वार्डन को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केंद्र के लोहिया नगर प्रखंड की मासिक बैठक गुरुवार को हुई। इसमें विकासनगर अग्निकांड में लोगों की जान माल की रक्षा करने वाले 21 वार्डन को सम्मानित किया गया। चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने डिप्टी चीफ वार्डन गुरप्रीत सिंह सेठी, प्रखंड की सहायक उप नियंत्रक रेखा पांडे, डिविजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी, हजरत गंज डिवीजनल वार्डन आशीष कपूर, स्टाफ ऑफिसर टू डिवीजनल वार्डन कमलेश सिंह, घटना नियंत्रण अधिकारी शोएब अली, पोस्ट वार्डन आरक्षित सौरभ अग्रवाल, सेक्टर वार्डन आमिर अब्बास आदि को लक्ष्मण पुरस्कार 2026 से नवाजा। चीफ वार्डन ने प्रखंड के 15 वार्डन को पदोन्नति का आदेश भी दिया गया। सहायता कार्य के दौरान घायल पोस्ट वार्डन 3 ऋषि श्रीवास्तव को विशेष रूप से पुरस्कृत किया। डिविजनल वार्डन सुनील कुमार तिवारी एवं डिप्टी डिविजनल डॉ. पंकज द्वारा चीफ वार्डन मिश्रा एवं डिप्टी चीफ वार्डन सेठी का सम्मान किया।



कला प्रदर्शनी में चित्रों को अपने मोबाइल फोन में कैद करती युवतियां। अमृत विचार

### कथक संस्थान में हुआ संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिरजू महाराज कथक संस्थान ने बुधवार को स्वस्थ महिला विकसित राष्ट्र विषय पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस बाराबंकी की सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने महिलाओं के स्वास्थ्य, संतुलित दिनचर्या एवं जीवनशैली परअनुभव साझा किए। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर एवं उपाध्यक्ष डॉ. मिथलेश तिवारी की मौजूदगी भी रही। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की प्रशिक्षिका डॉ. उपासना दीक्षित ने किया।





जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते वाम दलों के सदस्य।

### वाम दलों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** संयुक्त वाम मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को वाम दलों ने बीएसएनएल कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक मार्च मार्च निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आरोप लगाया कि प्रदेश में किसानों, मजदूरों और विपक्षी संगठनों के शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पर प्रशासन द्वारा रोक लगाना आम हो गया है। साथ ही, अनुमति देने में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जबकि सत्ताधारी दल और अन्य संगठनों को छूट दी जाती है। प्रदर्शन में सीपीआई के राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप, कांति मिश्रा व परमानंद, सीपीआईएम से राज्य कमेटी सदस्य मधु गर्ग, प्रवीण सिंह, सुशीला, वंदना रॉय, केके चतुर्वेदी, सीटू से सुरोजित और भाकपा माले से मगन शामिल हुए।



बैठक में शामिल आनंद द्विवेदी और अन्य।

### भाजपा की आक्रोश पदयात्रा 25 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा महानगर कार्यालय में अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें नारी शक्ति सम्मेलन एवं महिला जन आक्रोश पदयात्रा पर विचार-विमर्श किया गया। 25 से 30 अप्रैल तक सभी मंडलों पर आक्रोश पदयात्रा निकाली जाएगी। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर के सभी मंडलों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। मंडल क्षेत्रों में नारी शक्ति सम्मेलन के जरिए महिलाओं तक सीधे सम्पर्क किया जाएगा। इसके लिए महिला मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी दी गई है।



प्रदर्शन करते राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के सदस्य।

### प्रदर्शन किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अध्यक्ष गौरव गोस्वामी की अगुवाई में महिला आरक्षण बिल पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान के विरोध में नाका क्षेत्र में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पुतला जलाने की तैयारी भी कर रहे थे, लेकिन पुलिस पुतला छीनकर कब्जे में ले लिया। इससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन बाद में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

**परिचर्चा** — समाज के उत्थान में महिलाओं का योगदान विषय पर भातखंडे विवि में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# किसी भी काम को जेंडर में नहीं बांधा जा सकता : रोमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने बुधवार को जयशंकर प्रसाद सभागार में समाज के उत्थान में महिलाओं का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें महिला उद्यमी मंजरी पाण्डेय ने कहा कि कलाकारों को अपने डर से बाहर निकलना चाहिए और लगातार कुछ सीखते रहने के लिए अपने भीतर के बच्चे को जिंदा रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जहां पर हार होती है वहीं से जीत का रास्ता भी मिलता है। कलाकार जितना ज्यादा रियाज करता है उसे उतनी ज्यादा सफलता मिलती है। मंजरी पाण्डेय ने बताया कि मैंने 8-8 घंटे नृत्य का रियाज किया तब अपना मुकाम बनाया। शादी के बाद काशी से लखनऊ आईं तो यहां कपड़े और ट्रांसफार्मर का बिजनेस संभाला। अब बिजनेस और नृत्य में समन्वय बनाकर चलती हूं। उन्होंने कहा कि कलाकार को हमेशा सीखते रहना चाहिए और लगातार खुद को अपडेट करते रहना चाहिए। कलाकार की सफलता में उसकी कला की गुणवत्ता और ब्रांडिंग के बड़े मायने होते हैं। शिक्षाविद रोमा बच्चानी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। 18 प्रतिशत महिलाएं उद्यमी हैं जबकि 43 प्रतिशत महिलाएं किसान हैं। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ सोच बदलने की जरूरत है। किसी भी काम को जेंडर में नहीं बांधा जा सकता। ईमानदार कोशिश की जाए तो कभी हार मिलने की गुंजाइश नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सीखने की प्रवृत्ति से पर्सनाल्टी की ग्रूमिंग होती है। रोमा बच्चानी ने विद्यार्थियों को सिखाया कि बाहर की दुनिया बहुत कठिन होती है। अनुशासन साथ होता है तो सब कुछ आसान हो जाता है।



संबोष्ठी में बोलतीं वक्ता और मौजूद अन्य महिलाएं। अमृत विचार



इकाना स्टेडियम में अभ्यास करती केकेआर के सुनील नरेन। अमृत विचार



अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी में हाथ आजमाते केकेआर के खिलाड़ी। अमृत विचार

# प्रतिष्ठा बचाने को मैदान पर भिड़ेंगी एलएसजी व केकेआर

## दोनों टीमों के बीच मुकाबला 26 को, केकेआर ने अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईपीएल के 19वें संस्करण में निराशाजनक प्रदर्शन से जूझ रहीं लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) अब अपनी साख बचाने के लिए 26 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। अंक तालिका में क्रमशः नौवें और दसवें स्थान पर काबिज दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा बन गया है।

मुकाबले से पहले तैयारियों में जुटी केकेआर ने गुरुवार को इकाना स्टेडियम में करीब तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के सभी पहलुओं पर ध्यान दिया। हालांकि प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए केकेआर को अपने बचे हुए सातों मुकाबले जीतने की चुनौती है, जो टीम के लिए आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, राजस्थान के खिलाफ हार के बाद एलएसजी के खिलाड़ियों ने गुरुवार को विश्राम किया। कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में खिलाड़ी अभ्यास के बजाय विज्ञापन गतिविधियों में व्यस्त नजर आए। टीम का प्रदर्शन इस सीजन में उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है, जिससे उस पर दबाव बढ़ गया है। गौरतलब है कि पिछले सीजन की तरह इस बार भी दोनों टीमों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। ऐसे में रविवार को होने वाला यह मुकाबला न केवल अंक तालिका में स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि दोनों टीमों के लिए अपनी प्रतिष्ठा बचाने की लड़ाई भी साबित होगा।



कार्यक्रम में मौजूद एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार

### एलएसजी सितारों की झलक पाने उमड़ी भीड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम उस समय खास बन गया, जब एलएसजी के स्टार खिलाड़ी मंच पर पहुंचे। खिलाड़ियों के आते ही हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और माहौल उत्साह से भर गया। टीम के कप्तान ऋषभ पंत, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श, युवा खिलाड़ी अर्जुन तेंदुलकर और मुकुल चौधरी को देखते ही मीडिया के कैमरे लगातार चमकने लगे। फैंस और मेहमानों में अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई ।यह आयोजन जेके सीमेंट की देखरेख में हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने मंच पर अपनी तैयारियों, टीम संस्कृति और आगामी मुकाबलों को लेकर विचार साझा किए। कप्तान ऋषभ पंत ने टीम के सामंजस्य और सकारात्मक माहौल पर जोर देते हुए बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने जेके सीमेंट के नेतृत्व और पार्टनर्स के साथ भी संवाद किया। इस अवसर पर कंपनी के बिजनेस हेड अनुज खंडेलवाल और ग्रुप प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) पुष्प राज सिंह भी मौजूद रहे।

# 111 स्वर्ण पदकों के लिए भिड़ेंगे 550 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे 30 जिलों के खिलाड़ी
- चौक स्टेडियम में आज से होगा प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचारः** लखनऊ के चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में शुक्रवार से तीन दिवसीय यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप का आगाज होगा। 26 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 30 जिलों से करीब 550 खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के देखरेख में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप में बालक और बालिका वर्गों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता में कुल 111 स्वर्ण, 111 रजत और 222 कांस्य पदकों के लिए कड़ा मुकाबला होगा। चैंपियनशिप में कुमिते के 87 भार वर्ग और काता की 24 श्रेणियों सहित कुल 111 वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के जरिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन भी किया जाएगा, जो आगामी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया और महासचिव जसपाल सिंह के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्घाटन आज होगा।

# योग ओलंपियाड में आर्यन व खुशी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** निशातगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को जनपद स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नीषा द्विवेदी (सह निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय) ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह, मंडलीय क्रीड़ा सचिव विश्वजीत पांडे और जनपद सचिव अमित श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई।

बालक वर्ग में राजकीय जुबिली कॉलेज के आर्यन और अमीनाबाद इंटर कॉलेज के आर्यन यादव संयुक्त रूप से प्रथम रहे। अंश कुमार ने द्वितीय और कुणाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में राजकीय हाई स्कूल, कुरौली की खुशी प्रथम रहीं, जबकि संजना द्वितीय और वंशिका रावत तृतीय स्थान पर रहीं। अंत में प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह ने विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हिमांशु की बल्लेबाजी से आरईपीएल क्रूसेडर्स चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीसी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन
- फाइनल में ध्रुव एकेडमी को 218 रनों के विशाल अंतर से किया पराजित

**अमृत विचारः** मैन ऑफ द मैच हिमांशु सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर आरईपीएल क्रूसेडर्स ने सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। गुरुवार को सिंड्रा ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में क्रूसेडर्स ने ध्रुव क्रिकेट एकेडमी को 218 रनों के विशाल अंतर से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। क्रूसेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 316 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत बेहद आक्रामक रही, जहां सलामी बल्लेबाज युवराज सिंह और हिमांशु सिंह ने महज 4.3 ओवर में 87 रन जोड़कर मजबूत नींव रखी। हिमांशु सिंह ने सिर्फ 16 गेंदों पर 60 रन ठोकते हुए 6 चौके और 6 छक्के जड़े, जबकि युवराज सिंह ने भी 60 रनों की शानदार पारी खेली। यशस्वी मिश्रा ने 68 रन बनाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट एकेडमी की टीम दबाव में बिखर गई और 20 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 98 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अनमोल आनंद ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। क्रूसेडर्स की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावी रही। युवराज सिंह, प्रिंस मौर्य और क्षितिज मिश्रा ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। विजेता टीम को पूर्व रणजी खिलाड़ी मनोज सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के संयुक्त सचिव डॉ. एसपी सिंह भी मौजूद रहे।




ट्रॉफी के साथ चैंपियन आरईपीएल क्रूसेडर्स की टीम। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### न्यायिक सेवा स्पोर्ट्स मीट में क्रिकेट व बास्केटबॉल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 102 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 25वीं खेलकूद प्रतियोगिता में इस बार क्रिकेट, बास्केटबॉल और डिस्कस थ्रो खेल आकर्षण का केंद्र होंगे। पुरुष क्रिकेट का फाइनल सेज ग्राउंड (1090 चौराहा) पर होगा, जिसका उद्घाटन मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद करेंगे। महिला क्रिकेट का फाइनल सीएमएस कानपुर रोड मैदान पर खेला जाएगा। इस आयोजन के लिए प्रदेश भर के न्यायिक अधिकारियों के लिए 24 और 25 अप्रैल को विशेष अवकाश भी घोषित किया गया है।

### हर्ष और प्रशांत क्रिकेट टीम में चयनित

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेलंगाना में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय क्रिकेट अंडर-17 प्रतियोगिता 26 अप्रैल से एक मई तक आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में यूपी स्कूल क्रिकेट टीम अंडर-17 प्रतिभाग करेगी। टीम में शहर के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। कॉलेज के क्रिकेट कोच संकल्प सिंह के अनुसार टीम में हर्ष यादव और प्रशांत राय को जगह मिली है।

### हैंडबॉल व योग प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरडीएसओ के केंद्रीय विद्यालय परिसर में 23-24 अप्रैल को संभागीय हैंडबॉल व योग प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अरुण कुमार शर्मा (आईआरएस) ने शुभारंभ किया। लखनऊ संभाग के 21 विद्यालयों की 175 छात्राओं ने भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया।



प्रतियोगिता के दौरान बनाई गई पेंटिंग दिखाते बच्चे। अमृत विचार

# पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने बनाई पेंटिंग

**अमृत विचार , लखनऊ :** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस पर लाइब्रेरी हॉल में विद्यार्थियों की ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों ने भाग लेकर रंगों के माध्यम से पृथ्वी, जल और वायु के महत्व को दर्शाया। पेंटिंग में पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे और उसके दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अकादमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन-शैली में बदलाव का संदेश है। उन्होंने वायु, जल और भूमि प्रदूषण पर नियंत्रण, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और जल संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# सोशल मीडिया का बढ़ता इस्तेमाल नई उम्र की छिपी बीमारी: केके सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में मोबाइल के इस्तेमाल से बढ़ता तनाव व बीमारी विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** मोबाइल स्क्रीन पर चलती रील्स और लगातार नोटिफिकेशन अब केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सेहत पर असर डाल रहे हैं। केजीएमयू के पैरामेडिकल संकाय के डीन डॉ. केके सिंह ने सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल को नई उम्र की छिपी बीमारी बताया। वह गुरुवार को कलाम सेंटर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर घंटों बिताने से युवाओं की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।



सुबह उठते ही और रात में सोने से पहले मोबाइल देखने की आदत शरीर की जैविक घड़ी को बिगाड़ रही है, जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती और थकान बनी रहती है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में जलन, सिरदर्द, टेक्स्ट नेक और कमर दर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर तुलना की प्रवृत्ति से हीनभावना, तनाव और आत्मविश्वास में कमी आ रही है।

उन्होंने सुझाव दिया कि स्क्रीन टाइम सीमित रखें, पढ़ाई के दौरान मोबाइल दूर रखें और सोने से पहले स्क्रीन से दूरी बनाएं। खाली समय में व्यायाम व किताबों को प्राथमिकता दें और सप्ताह में एक दिन नो सोशल मीडिया डे अपनाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ओम की हार से यूपी को झटका मयंक शर्मा का डबल धमाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस एकेडमी में चल रहे आइटा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में गुरुवार को उत्तर प्रदेश को झटका लगा। एकल वर्ग में ओम यादव की हार के साथ ही प्रदेश की पदक उम्मीदें समाप्त हो गईं। छठी वरीयता प्राप्त आदित्य तिनजैन (पंजाब) ने उन्हें 7-5, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहला सेट रोमांचक रहा, लेकिन अहम मौकों पर आदित्य ने बढ़त बनाकर बाजी मार ली, जबकि दूसरे सेट में उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की।

वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त मयंक शर्मा (दिल्ली) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल दोनों वर्गों के फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पार्थ पाटिल (महाराष्ट्र) को 6-2, 6-2 से हराया। युगल में मयंक ने एकलव्य सिंह (यूपी) के साथ मिलकर प्रतीक और ध्रुव (हरियाणा) की जोड़ी को 6-2, 6-3 से हराया। दूसरे युगल सेमीफाइनल में पार्थ पाटिल और आदित्य तिनजैन ने गोविंद मौर्य व ओम यादव को 6-1, 6-1 से पराजित किया। अब फाइनल मुकाबलों पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# पीडब्ल्यूडी कालोनी में भी हो सकता है अग्निकांड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंगल बाजार की वजह से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा
- अभियंता कल्याण समिति ने जोनल अधिकारी को लिखा पत्र
- रिहायशी कालोनी में बाजार लाने का हो रहा विरोध

**अमृत विचार :** बाराबिरवा से पीडब्ल्यूडी कालोनी शिफ्ट की गई मंगलवार की साप्ताहिक बाजार का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति बाजार को इस रिहायशी कालोनी में लाने का लगातार विरोध कर ही रही है, साथ ही पीडब्ल्यूडी कालोनी में रहने वाले अभियंताओं ने भी इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त और जोनल अधिकारी को पत्र लिखकर बाजार को हटाने के लिए कई पत्र लिखे हैं। विकासनगर अग्निकांड के बाद अभियंता कल्याण समिति ने आशंका जताई है कि इस बाजार की वजह से पीडब्ल्यूडी कालोनी में भी अग्निकांड हो सकता है।

अभियंता कल्याण समिति ने जोन 8 के जोनल अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि इस समय बहुत भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है, कालोनी में या बाजार में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से आग लग जाने की स्थिति में किसी भीषण अप्रिय घटना घटने की प्रबल सम्भावना है जैसा की अभी हाल के दिनों विकास नगर में घटना घटी है।



इस पत्र में कहा गया है कि आने वाले महीने से बड़े मंगल का मेला भी मंदिर पर लगेगा, मंदिर परिसर एवं मंदिर के गेट तक दुकानें लगती हैं, बाजार भी मंगलवार को ही लगती है। बड़े मंगल के दौरान किसी सांप्रदायिक या किसी अप्रिय घटना घटने की भी संभावना है।

अभियंता कल्याण समिति ने लिखा है कि अग्निकांड या बड़े मंगल के दौरान किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने पर होने वाली जन-धन हानि की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। क्योंकि मंगल बाजार को हटाने के लिए नगर आयुक्त और कृष्णानगर थानाध्यक्ष द्वारा आपको पत्र लिखा जा चुका है। नगर आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर आपने वैकल्पिक स्थल का निरीक्षण भी कर दिया गया है लेकिन आप द्वारा उक्त विषय पर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर कार्यवाही को लंबित किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष वसी उल्ला आजाद ने बताया कि नगर आयुक्त ने इस सम्बन्ध में जोनल आधिकारी को निर्दिषित कर दिया है। जोनल अधिकारी ने कहा है कि व्यापारियों के साथ बैठक बुलाकर फैसला करेंगे।

# एसीपी ने किया माल थाने का निरीक्षण

माल, संवाददाता

**अमृत विचार :** मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सुजीत कुमार दुबे ने गुरुवार को माल थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसीपी ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात और अभिलेखों की स्थिति देखी। उन्होंने साफ-सफाई, रिकॉर्ड के रखरखाव और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने पर जोर दिया। एसीपी ने कहा कि थाने की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित और सुचारु होनी चाहिए। उन्होंने अपराध रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया और थाने में मौजूद शस्त्रों का मिलान कराया। साथ ही निर्देश दिए कि अपराध से जुड़े सभी रिकॉर्ड समय-समय पर अपडेट रखे जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जानकारी मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों, सक्रिय अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों का नियमित सत्यापन करने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस मौके पर इंस्पेक्टर नवाब अहमद सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



प्रपत्रों की जांच करते मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सुजीत कुमार दुबे।